SAMADHAN COLLEGE, BEMETARA (C.G.)
Cont. 93293-29726. 07824-299001 Email – samadhancollege.bemetra@gmail.com.

OBC CELL

Scanned with OKEN Scanner

क्र॰	दिनाँक	एजेण्डा एवं प्रस्ताव	लिया गया निर्णय	सदस्यो के नाम व हस्ताक्षर
12	23/05/2025	वर्ष 2025-26 में अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति एवं अन्य पिछड़ा वर्ग के लिए आनलाइन पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति हेतु आनलाइन पंजीयन की सूचना देने के लिए निम्न प्रस्ताव रखे गए जिसमे कोरम 6/9 रहा –	आज के बैठक में समिति के अध्यक्ष एवं सदस्यो द्वारा दिए गए प्रस्ताव में निम्न निर्णय लिया गया –	(1) डॉ॰ अवधेश पटेल (संरक्षक) – [signature] (2) श्री गणेश्वर साहू – (सेल प्रभारी) [signature] (3) श्री लक्ष्मीनारायण साहू – (सदस्य) [signature] (4) डॉ॰ पी.डी. मानिकपुरी – (सदस्य) [signature]
		प्रस्ताव क्र॰ – 1 – पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति योजना के अन्तर्गत महाविद्यालय में अध्ययरत अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति, अन्य पिछड़ा वर्ग के पात्रता रखने वाले विद्यार्थियों के छात्रवृत्ति पंजीयन के संबंध में।	निर्णय क्र॰1 – महाविद्यालय के सभी ST, SC, OBC छात्र छात्राओ को प्रत्येक कक्षा में जाकर ऑनलाइन पंजीयन की सूचना दी जाएगी।	(5) श्रीमति पूजा सिन्हा – (सदस्य) [signature] (6) श्री राजेश कुमार यादव (सदस्य) – [signature] (7) दीपक साहू – (बी.कॉम सदस्य) [signature]
		प्रस्ताव क्र॰ – 2 – महाविद्यालय में अध्ययरत अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, अन्य पिछड़ा वर्ग के छात्रो के वेबसाइट पर ऑनलाइन पंजीयन के सूचना के संबंध में।	निर्णय क्र॰2 – महाविद्यालय के छात्रो को सोसल मिडिया वाट्सप के द्वारा सूचना दी जाएगी व वेबसाइट पर ऑनलाइन पंजीयन कराने हेतु कहा जाएगा	(8) भावेश यादव – (बी॰एड॰ सदस्य) Bhaveshyadav (9) अमित – (सदस्य) Amit

[signature]
अध्यक्ष
(OBC सेल)
In-Charge
Samadhan ... Bemetara (C.G.)

Isaha [signature] Bhaveshyadav [signature] Amit [signature] [signature]

[signature]
Principal
Samadhan College, Bemetara
(CHHATTISGARH 491335)

–:: कार्यालय कलेक्टर, बेमेतरा (छ.ग.) :: –
।। आदिवासी विकास शाखा ।।

फैक्स–07824–222105 ई–मेल–actwd.bemetara@gmail.com

क्रमांक /182 /आ.जा.क./पो0मै0ऑन0 छात्र0/19/2025–26 बेमेतरा,दिनांक 21/5/2025

प्रति,

सर्व प्राचार्य/संस्था प्रमुख
शासकीय/अशासकीय महाविद्यालय,
....
विकास खण्ड – बेमेतरा/बेरला/साजा/नवागढ़
जिला – बेमेतरा (छ.ग.)

विषय :– वर्ष 2025–26 में अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति एवं अन्य पिछड़ा वर्ग के लिए ऑनलाईन पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति(कक्षा 12वीं से उच्चतर) हेतु ऑनलाईन पंजीयन की सूचना।

संदर्भ :– आयुक्त आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति विकास इंद्रावती भवन अटल नगर रायपुर का पृ.क्रमांक/ऑ.ला. पो.मै.छा./215/2025–26/1741–1742 नवा रायपुर दिनांक 19.05.2025

——00——

उपरोक्त विषयान्तर्गत संदर्भित पत्रानुसार वर्ष 2025–26 में पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति योजना अंतर्गत आपके महाविद्यालय में अध्ययनरत् अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति एवं अन्य पिछड़ा वर्ग के पात्रता रखने वाले विद्यार्थियों को छात्रवृत्ति पंजीयन, स्वीकृति एवं वितरण की कार्यवाही http://postmatric-scholarship.cg.nic.in/ वेबसाईट पर ऑनलाईन प्रारंभ की गई है।

जिसके अंतर्गत विभाग द्वारा ऑनलाईन आवेदन/प्रस्ताव/स्वीकृति वर्ष 2025–26 हेतु निम्नानुसार तिथि निर्धारित की जा रही है:–

आवेदन का प्रकार	विद्यार्थियों द्वारा ऑनलाईन आवेदन प्राप्ति तिथि	स्वीकृति एवं वितरण		संभावित भुगतान तिथि
		शासकीय	अशासकीय	
1	2	3	4	5
नवीनीकरण	31 मई 2025 तक	07 जून 2025 तक	10 जून 2025 तक	10 जून 2025 तक
	31 अगस्त 2025 तक	07 सितम्बर 2025 तक ✓	10 सितम्बर 2025 तक	10 सितम्बर 2025 तक
	30 नवम्बर 2025 तक ✓	15 दिसम्बर 2025 तक ✓	20 दिसम्बर 2025 तक	31 दिसम्बर 2025 तक
नवीन	31 अगस्त 2025 तक	07 सितम्बर 2025 तक ✓	10 सितम्बर 2025 तक	10 सितम्बर 2025 तक
	30 सितम्बर 2025 तक ✓	07 अक्टूबर 2025 तक ✓	10 अक्टूबर 2025 तक	10 अक्टूबर 2025 तक
	30 नवम्बर 2025 तक ✓	15 दिसम्बर 2025 तक ✓	20 दिसम्बर 2025 तक	31 दिसम्बर 2025 तक

कृपया विद्यार्थियों को उनके आधार सीडेड बैंक खाते में भुगतान 07 कार्य दिवस में प्राप्त होगा। निर्धारित तिथियों के पश्चात् शिक्षा सत्र 2025–26 की पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति ऑनलाईन आवेदन हेतु पोर्टल बंद कर दिया जायेगा एवं **Draft Proposal Lock** अथवा **Sanction Order Lock** करने का अवसर भी प्रदान नहीं किये जाने का निर्देश प्राप्त है। प्राप्त निर्देशानुसार उक्त तिथि तक कार्यवाही पूर्ण नही करने पर यदि संबंधित संस्थाओं के पात्रता रखने वाले विद्यार्थी छात्रवृत्ति से वंचित होने की स्थिति में संस्था प्रमुख जिम्मेदार होंगे।

1. छात्रवृत्ति हेतु निम्नानुसार पात्रता निर्धारित है:–
   अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति विद्यार्थियों के पालक की आय–सीमा रू. 2.50 लाख प्रतिवर्ष, अन्य पिछड़ा वर्ग हेतु आय–सीमा रू. 1.00 लाख प्रतिवर्ष, सक्षम अधिकारी द्वारा जारी स्थाई जाति प्रमाण पत्र, छ.ग. का मूल निवास प्रमाण पत्र, विद्यार्थी के अध्ययनरत् पाठ्यक्रम के विगत वर्ष का परीक्षा परिणाम।
2. PFMS के माध्यम से आधार सीडेड बैंक खाते में पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति का भुगतान किया जा रहा है। अतः सभी विद्यार्थी अपने सक्रिय एवं आधार सीडेड बैंक खाते की प्रविष्टि ऑनलाईन आवेदन करते समय सुनिश्चित करें।
3. वर्ष 2025–26 में अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति एवं अन्य पिछड़ा वर्ग के विद्यार्थियों को NSP Portal से OTR(One Time Registration) प्राप्त करना आवश्यक है। इस हेतु राज्य छात्रवृत्ति पोर्टल में प्रदाय निर्देशों का अवलोकन किया जा सकता है।
4. वर्ष 2025–25 में नवीन संस्था प्रमुख (HoI) एवं संस्था के छात्रवृत्ति प्रभारी (INO) का Biometric-Authentication किया जाना अनिवार्य है।

सहायक आयुक्त,
आदिवासी विकास,जिला–बेमेतरा

पृ.क्रमांक /183 /आ.जा.क./पो0मै0ऑन0 छात्र0/19/2025–26 बेमेतरा,दिनांक 21/5/2025

प्रतिलिपि:–

1. आयुक्त, आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति विकास रायपुर की ओर सादर सूचनार्थ।
2. कलेक्टर, जिला जिला बेमेतरा की ओर सादर सूचनार्थ।
3. उप संचालक, जनसंपर्क बेमेतरा की ओर सूचनार्थ कर लेख है कि कृपया उपरोक्तानुसार जानकारी (पोर्टल प्रारंभ एवं अंतिम तिथि) दो स्थानीय दैनिक समाचार पत्रों में लगातार तीन दिवस निःशुल्क प्रकाशन कराने का कष्ट करेंगे।

सहायक आयुक्त,
आदिवासी विकास,जिला–बेमेतरा

Scanned with OKEN Scanner